संख्या–1008/बयालिस–2010–8– निर्माण/ 2007

प्रेषक,

डा0 ललित वर्मा,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
खेलकूद उत्तर प्रदेश,
खेल निदेशालय, लखनऊ।

खेलकूद अनुभाग लखनऊ : दिनांक : 30 जून, 2010

विषयः– गुरू गोविन्द सिंह स्पोर्ट्स कालेज लखनऊ में गेस्ट हाऊस के निर्माण हेतु पुनरीक्षित लागत की वित्तीय स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपका पत्र संख्या–जी–141/नि0 स्पोर्ट्स कालेज लखनऊ/2009–10, दिनांक 21–5–2010 एवं शासनादेश संख्या–542/42–2009–8–निर्माण/07 दिनांक 24–2–2009 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय वित्तीय वर्ष 2010–11 में गुरू गोविन्द सिंह स्पोर्ट्स कालेज लखनऊ में गेस्ट हाऊस के निर्माण हेतु रू0 2,83,75,000 0/– (दो करोड़ ,तिरासी लाख, पचहत्तर हजार मात्र) की पुनरीक्षित लागत एवं रू0 30,00,000/– (रू0 तीस लाख मात्र) की वित्तीय स्वीकृति सहर्ष प्रदान करते है।

2–उपरोक्त स्वीकृत धनराशि रू0 30,00,000/– (रू0 तीस लाख मात्र) निदेशक खेल द्वारा कोषागार से आहरित करके संबंधित कार्यदायी संस्था ग्लोबल कन्सट्रक्शन एण्ड कन्सलटेन्सी सेल, नीलगिरि काम्प्लेक्स, आवास विकास परिषद, इन्दिरानगर, लखनऊ को उपलब्ध करायी जायेगी। उक्त धनराशि की स्वीकृति वित्तीय वर्ष 2010–11 में उपलब्ध परिव्यय एवं बजट सीमा के अन्तर्गत दी जा रही है। प्रश्नगत धनराशि का उपयोग इसी वित्तीय वर्ष में कर लिया जायेगा। अन्य शर्ते मूल शासनादेश संख्या–91/42–2008–8–निर्माण/07 दिनांक 16 जून, 2008 के अनुसार यथावत रहेगी। कार्यदायी संस्था द्वारा इसी लागत पर कार्य पूर्ण किया जाये। भविष्य में प्रायोजना का पुनरीक्षण अनुमन्य नही होगा।

3–उक्त मद पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2010–11 में अनुदान संख्या–22 के लेखाशीर्षक–4202–शिक्षा खेलकूद कला तथा संस्कृति पर पूंजीगत परिव्यय–आयोजनागत–03 खेलकूद तथा युवा सेवा–800 अन्य व्यय–43 राज्य खेलट के चालू कार्यो हेतु एकमुश्त व्यवस्था 24 बृहद निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

.....2/–

4–उक्त स्वीकृति वित्त विभाग के अशासकीय पंजी संख्या–[illegible]
2010, दिनांक 8 जून, 2010 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी कि[illegible]

भवदीय,

(डा0 ललित वर्मा)
प्रमुख सचिव।

संख्या–1008 (1)/ बयालिस–2008–तददिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– महालेखाकार, उ0प्र0 (लेखा एवं हकदारी)प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 इलाहाबाद।
2– महालेखाकार (लेखा परीक्षा)प्रथम/द्वितीय उ0प्र0 इलाहाबाद।
3– कोषाधिकारी जवाहर भवन लखनऊ।
4– जिलाधिकारी लखनऊ।
5– प्रधानाचार्य, गुरू गोविन्द सिंह, स्पोर्ट्स कालेज, लखनऊ।
6– निदेशक, ग्लोबल कन्सट्रक्शन एण्ड कन्सलटेन्सी सेल, नीलगिरि काम्प्लेक्स, आवास विकास परिषद, इन्दिरानगर, लखनऊ ।
7– वित्त (आय–व्ययक)अनुभाग–1/2
8– वित्त (व्यय नियंत्रण)अनुभाग–5
9– वित्त एवं लेखाधिकारी, खेल निदेशालय लखनऊ।
10–नियोजन अनुभाग–4
11–मीडिया प्रभारी, मा0 मुख्य मंत्री जी उ0प्र0 शासन।
12–निजी सचिव, मा0 मंत्री जी एवं प्रमुख सचिव खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग उ0प्र0 शासन।
13–गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(डा0 ललित वर्मा)
प्रमुख सचिव।